रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-23072020-220647
CG-DL-E-23072020-220647

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 356] नई दिल्ली, बुधवार, जुलाई 22, 2020/ आषाढ़ 31, 1942
No. 356] NEW DELHI, WEDNESDAY, JULY 22, 2020/ASADHA 31, 1942

पोत परिवहन मंत्रालय

(पीडी प्रभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 22 जुलाई, 2020

सा.का.नि. 460(अ).—केन्द्र सरकार, महापत्तन न्यास अधिनियम, 1963 (1963 का 38) की धारा 132 की उप–धारा(1) के साथ पठित धारा 124 की उप–धारा(1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, एतद्द्वारा उपर्युक्त अधिनियम की धारा 123 के अंतर्गत कोचिन पत्तन ट्रस्ट के न्यासीमण्डल द्वारा बनाए गए एवं धारा 124 की उप धारा (2) के अंतर्गत यथा अपेक्षित उसके द्वारा प्रकाशित किए गए कोचिन पत्तन एवं डॉक विनियम, 2020 को इस अधिसूचना में संलग्न अनुसूची में निर्धारित किए गए अनुसार संशोधनों के साथ अनुमोदित करती है।

1. उक्त विनियम सरकारी राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रवृत्त होंगे।

अनुसूची

महापत्तन न्यास अधिनियम, 1963 (1963 का 38) की धारा 123 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एवं कोचिन पत्तन एवं डॉक विनियम, 1975 कोचिन पत्तन ट्रस्ट (लिपिकों, आयातकों, शिपर्स व समाशोधन एवं अग्रेषण एजेंटों का लाइसेंसीकरण) विनियम, 1966 और कोचिन पत्तन ट्रस्ट सरकारी बंधक मालगोदाम (किराया व अन्य शुल्क) विनियम, 1967 का अतिक्रमण करते हुए एवं इस तरह के अतिक्रमण से पहले की जाने वाली की गई अथवा छोड़ी गई सामग्रियों को छोड़कर कोचिन पत्तन ट्रस्ट का न्यासीमण्डल एतद्द्वारा केन्द्र सरकार के अनुमोदन से निम्नलिखित विनियम बनाता है एवं इसे उपर्युक्त अधिनियम की धारा 124 की उप धारा (2) में यथा अपेक्षित सार्वजनिक सूचना के लिए सरकारी राजपत्र में दो बार प्रकाशित करता हैं, नामत :–

I- प्रस्तावना

1- **संक्षिप्त नाम व प्रारंभ**– (**1**) इन विनियमों को कोचिन पत्तन एवं डॉक विनियम, 2020 कहा जा सकेगा।

(**2**) ये विनियम भारत के सरकारी राजपत्र में केंद्र सरकार के अनुमोदन के प्रकाशन की तिथि से प्रवृत्त होंगें।

2- **परिभाषाएँ**– इन विनियमों में जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,–

(i) "अधिनियम" यानि महापत्तन न्यास अधिनियम, **1963** (**1963** का **38**);

(ii) "बर्थ" यानि जलयानों के बर्थिंग के लिए लब्ध सुविधाएं जिसमें डॉक, पाईयर, वार्फ़, क्वे, जेट्टी एवं सिंगल प्वाइंट मूरिंग शामिल हैं;

(iii) "बोर्ड" यानि उक्त अधिनियम के तहत गठित कोचिन पत्तन का न्यासीमण्डल;

(iv) "बल्क तेल जलयान" यानि कार्गो के रूप में पेट्रोलियम को बल्क में परिवहन करने हेतु लाइसेंस प्राप्त जलयान;

(v) "अध्यक्ष", "उपाध्यक्ष", "डॉक", "जलयान", "मास्टर", "मालिक", "सामग्री" और अन्य सभी प्रासंगिक नियम और परिभाषाओं, जिन्हें यहां स्पष्ट रूप से परिभाषित या शामिल नहीं किया गया है, का अर्थ वही होगा जो उपर्युक्त अधिनियम या भारतीय पत्तन अधिनियम, **1908** (**1908** का **15**) या किसी अन्य लागू अधिनियम में उनके संबंध में विहित किए गए हैं।

(vi) "दिन" यानि **24** घण्टों की अवधि, पूर्वाह्न **6** बजे से पूर्वाह्न **6** बजे तक;

(vii) "उप संरक्षक" यानि ऐसे अधिकारी जो वर्तमान में समुद्री विभाग के प्रभारी हैं या उप संरक्षक के प्राधिकार में हार्बर मास्टर एवं अन्य कोई अधिकारी;

(viii) "वित्तीय सलाहकार व मुख्य लेखा अधिकारी" यानि ऐसे अधिकारी जो वर्तमान में वित्त विभाग के प्रभारी हैं और इस परिभाषा में वित्तीय सलाहकार व मुख्य लेखा अधिकारी के उप अधिकारी एवं सहयोगी अधिकारी और वित्तीय सलाहकार व मुख्य लेखा अधिकारी के प्राधिकार में कार्यरत कोई अन्य एक या एक से अधिक अधिकारी शामिल हैं;

(ix) किसी पेट्रोलियम का "फ्लैश प्वाइंट" यानि सबसे कम तापमान जिस पर यह वाष्प उत्पन्न करता है और जो प्रज्वलित होने पर क्षणिक चमक देता है;

(x) "ईंधन तेल" यानि कम से कम पैंसठ डिग्री सेंटीग्रेड का "फ्लैश प्वाइंट" वाला पेट्रोलियम;

(xi) "गैस मुक्त प्रमाणपत्र" यानि इस संबंध में केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त एक अधिकारी द्वारा दिया गया इस आशय का प्रमाण पत्र कि जलयान को अच्छी तरह से साफ किया गया है और पेट्रोलियम और ज्वलनशील वाष्प से मुक्त किया गया है;

(xii) "आईएमओ" यानि अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन;

(xiii) "मोटर वाहन" यानि यांत्रिक प्रणाली से चलने वाला वाहन;

(xiv) "पेट्रोलियम" यानि कोई भी तरल हाइड्रोकार्बन या हाइड्रोकार्बनों का मिश्रण और कोई भी ज्वलनशील मिश्रण (द्रव्य, गाढ़ा या घन) जिसमें कोई तरल हाइड्रोकार्बन हो;

(xv) "पेट्रोलियम श्रेणी ए" यानि पेट्रोलियम जो तेईस डिग्री सेंटीग्रेड से नीचे फ्लैश प्वाइंट धारण करता है;

(xvi) "पेट्रोलियम श्रेणी बी" यानि पेट्रोलियम जो तेईस डिग्री सेंटीग्रेड या उससे अधिक लेकिन पैंसठ डिग्री सेंटीग्रेड से नीचे फ्लैश प्वाइंट धारण करता है;

(xvii) "पेट्रोलियम श्रेणी सी" यानि पेट्रोलियम जो पैंसठ डिग्री सेंटीग्रेड या उससे अधिक लेकिन तिरानवे डिग्री सेंटीग्रेड से नीचे फ्लैश प्वाइंट धारण करता है;

(xviii) "थोक में पेट्रोलियम" यानि एक हजार लीटर से अधिक क्षमता वाले पात्र में निहित पेट्रोलियम;

(xix) "पत्तन" यानि कोचिन पत्तन ;

(xx) "यातायात प्रबंधक" यानि यातायात विभाग के वर्तमान प्रभारी एवं उनके उप अधिकारी व सहयोगी अधिकारी और यातायात प्रबंधक के प्राधिकार में कार्यरत अन्य कोई अधिकारी

(xxi) "वाहन" यानि कोई भी गाड़ी, लॉरी, ट्रक या अन्य पहिएदार वाहन जो मानव व संपत्ति के सड़क मार्ग से परिवहन के लिए प्रयोग किया जाता है।

II - सामान्य

3. **पत्तन अधिकारियों के किसी भी कृत्य या चूक के लिए बोर्ड जिम्मेदार नहीं है**– उप संरक्षक या हार्बर मास्टर या उपर्युक्त अधिकारियों के किसी भी उप प्रमुख या सहायक या ऐसे प्राधिकरियों, उप प्रमुख या सहायक के नियंत्रण या निर्दे"ा में कार्यरत किसी व्यक्ति के किसी भी कृत्य या किसी पायलट की चूक के लिए या परिणामतः जलयान को हुई किसी भी क्षति के लिए अथवा बोर्ड के स्वामित्व वाली मूरिंग्स, हॉज़े या कोई अन्य सामग्री जो जलयान द्वारा उपयोग में लाई जा सकती है, में पाए गए किसी भी प्रकार की खराबी के लिए बोर्ड जिम्मेदार नहीं होगा।

III- **पत्तन में जलयानों के प्रवेश**–

4. **जलयानों के अपेक्षित आगमन की सूचना**:– जब कोई जलयान पत्तन में प्रवेश करता है तो, अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन संख्या धारण करने वाले जलयानों के लिए पत्तन कम्युनिटी प्रणाली के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में और अन्य जलयानों के लिए मैन्युअल रूप से जलयान के मास्टर, मालिक या एजेंट द्वारा पत्तन के उप सरक्षक को किसी ऐसी वि"ोष बर्थ, यदि कोई हो, जिस पर वे जलयान लगाने के इच्छुक हों, तो यह अभिरूचि व्यक्त करते हुए शीघ्रातिशीघ्र सूचना दी जाएगी एवं साथ ही ऐसी अभिरूचि की सूचना यातायात प्रबंधक व हार्बर मास्टर को भी भेजी जाएगी।

5. **बर्थ का आवंटन, अधिग्रहण व रिक्ति**– बर्थ का आबंटन यातायात प्रबंधक के प्राधिकार में होगा और अपने इस प्राधिकार का प्रयोग करते हुए यातायात प्रबंधक निम्नलिखित द्वारा निर्देशित किया जाएगा, नामतः–

(क) जलयानों की बर्थिंग व्यवस्था इस प्रकार होनी चाहिए कि–

(i) जब किसी पोत के एजेंट ने किसी विशेष बर्थ के लिए अभिरूचि व्यक्त की है, तो यातायात प्रबंधक को यथासंभव ऐसी बर्थ की व्यवस्था करनी चाहिए और अपेक्षित बर्थ आवंटित करना संभव न हो पाने की स्थिति में यातायात प्रबंधक एजेंट को उचित सूचना देनी चाहिए;

(ii) अन्य बातों के समान होने पर, सबसे पहले पत्तन सीमा में दाखिल होने वाले व पत्तन नियंत्रक को सूचित करने वाले जलयान के लिए बर्थों के आवंटन में प्राथमिकता दी जाएगी ब"ार्ते कि उसका डुबाव एवं अन्य समुद्री मान इसकी अनुमति देते हों:

बशर्ते कि बर्थ के आवंटन में इस तरह की प्राथमिकता जलयान के आगमन से कम से कम 24 घंटे पहले जलयान के आगमन की सूचना की प्राप्ति के अधीन होगी;

(iii) यात्री जलयानों या पशुधन को चढाने–उतारने वाले जलयानों की तुलना में सेना को चढाने या उतारने वाले सरकारी जलयानों, या सरकारी भण्डारों के चढाने या उतारने वाले जलयानों को ओवर–राईडिंग (अध्यारोही) प्राथमिकता दी जा सकती है।

(iv) अन्य कारकों के सामान्य होने पर, आवंटन इस तरह से किया जाए जिसमें पत्तन को कोई नुकसान न हो।

(ख) पत्तन में बर्थ किए हुए किसी भी जलयान को पत्तन के उप संरक्षक की विशेष अनुमति के बिना अपने मुख्य इंजिन को गतिहीन या मरम्मत नहीं करनी चाहिए, यह अनुमति जलयान के मास्टर या एजेंट द्वारा लिखित रूप में प्राप्त की जानी अत्यंत आवश्यक है और उप संरक्षक यातायात प्रबंधक के परामर्श से ऐसी अनुमति दे सकते हैं।

(ग) यदि कोई जलयान किसी दिन मौसम जैसे जलयान के नियंत्रण से बाहर वाले कारणों को छोड़कर खंड (घ) में विनिर्दिष्ट मात्रा को डिस्चार्ज या लोड करने में विफल रहता है तो यातायात प्रबंधक सूचना की प्राप्ति के चार घंटे के भीतर उसे अपनी बर्थ खाली करने का निर्देश दे सकते हैं और इस तरह के जलयानों को सूचना में विनिर्दिष्ट समय के भीतर बर्थ खाली करना होगा;

(घ) जलयानों में निम्नानुसार न्यूनतम शिप बर्थ–दिवस आउटपुट होनी चाहिए:–

क) लिक्विड बल्क – 2500 मेट्रिक टन;

ख) ड्राई बल्क – 2000 मेट्रिक टन;

ग) ब्रेक बल्क – 500 मेट्रिक टन;

बशर्ते कि पत्तन पर खंड (घ) में नियत मात्रा से कम कार्गो को चढाने या उतारने के लिए आए किसी जलयान को खंड (ग) और (घ) का कोई भी प्रावधान, किसी बर्थ तक पहुंचने या पत्तन की अन्य सुविधाओं का उपयोग करने से प्रतिबंधित करता हुआ नहीं समझा जाएगा।

(ङ) बर्थों के आवंटन संबंधी प्राथमिकताओं के संबंध में पूर्वगामी प्रावधानों के बावजूद यातायात प्रबंधक यदि यह पाते हैं कि इस तरह की व्यवस्था से बर्थ का सर्वोत्तम उपयोग होगा और इस तरह की व्यवस्था नौवहन के सर्वोत्तम हितों के इष्टतम लाभ को सुनिश्चित करेगा तो उनके पास किसी विशेष तरीके से जलयानों की बर्थिंग की व्यवस्था करने का सर्वाधिकार होगा।

6. **सार्वजनिक हितों में बर्थ का अधिमान्य आवंटन**– विनियम 5 में निहित किसी बात के होते हुए भी बोर्ड यदि इसकी राय में यह सार्वजनिक हितों के लिए वांछनीय है, किसी भी जलयान या जलयानों को बर्थ आवंटन में वरीयता दिए जाने का निर्देश दे सकता है और अपनी इन शक्तियों का प्रयोग करते समय बोर्ड निम्नलिखित द्वारा निर्देशित होगा, नामत :–

(i) ऐसी शक्ति, जो अध्यारोही प्रकृति की है, का केवल उसी मामले में प्रयोग किया जाएगा जहां सार्वजनिक हित में बोर्ड के निर्देश अपेक्षित हों;

(ii) ऐसे निर्देश केवल तभी बनाया जायेगा जब बोर्ड को यह संतुष्टि हो कि विनियम 5 के अनुसार किए गए यातायात प्रबंधक के निर्णय में हस्तक्षेप करना आवश्यक है;

(iii) जलयानों को बर्थ के अधिमान्य आवंटन के संबंध में समय–समय पर जारी सरकारी निर्देशों को अध्यारोही प्राथमिकता दी जाएगी;

(iv) विशेष प्रकार के कार्गो या जलयान को समर्पित बर्थ के आवंटन को अनावश्यक रूप से बाधित नहीं किया जाएगा;

(v) किसी भी बर्थ या बर्थ के समूहों के संबंध में प्राथमिकताओं पर निर्देश जारी होने से पहले विधिवत विचार किया जाएगा;

(vi) सामान्य स्थिति में, यातायात प्रबंधक व उप संरक्षक के परामर्श से अधिमान्य बर्थिंग की जा सकती है; तथा

(vii) यह सुनिश्चित किया जाएगा कि पत्तन में आने वाले जलयान के मालिक या एजेंट को कोई परिहार्य कठिनाई न हो।

7. **बर्थ आवंटन हेतु अस्वीकृति**– यदि यातायात प्रबंधक या उप संरक्षक के पास किसी जलयान को वर्थ आवंटन न करने हेतु पर्याप्त कारण हैं, तो वह उस मामले को बोर्ड के अध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं और अध्यक्ष के निर्णय लेने तक वह बर्थ आवंटन से इनकार कर सकते हैं तथा अध्यक्ष का निर्णय प्राप्त होने के बाद ऑनलाइन बर्थ आवंटन के समय पर इसके कारण बता सकते हैं या यदि आवश्यक हो, तो स्टीमर एजेंटों को लिखित रूप में कारण बता सकते हैं।

8. **जलयान मास्टर के नियंत्रण में हो** – किसी जलयान को बर्थ में प्रवेश करने या छोड़ने या एक बर्थ से दूसरे में ले जाने की अनुमति तब तक नहीं होगी जब तक कि ऐसे जलयान का मास्टर या मास्टर प्रमाणपत्र धारित करने वाला मुख्य अधिकारी जलयान के बोर्ड पर उपलब्ध न हो और वास्तविक रूप से नियंत्रण कर सकता हो तथा केवल असामान्य परिस्थितियों जैसे कि मास्टर के निधन या गंभीर बीमारी जैसी स्थिति में उप संरक्षक द्वारा विशेष व्यवस्था की जाएगी।

9. **उप संरक्षक के आदेश आदि को कार्यान्वित किया जाना**– जलयानों के मालिक और मास्टर्स को जलयानों की रोटे"ान और पत्तन में प्रवे"ा करने के तरीके, पत्तन में आगमन व प्रस्थान संबंधी सभी निर्देशों का पालन करना होगा।

10. **शुष्क कार्गो वार्फ़ बर्थ पर बालास्ट में टैंकरों की बर्थिंग**– बालास्ट में टैंकरों को एक शुष्क कार्गो वार्फ़ बर्थ पर तब तक बर्थिंग नहीं किया जायेगा जब तक कि उपयुक्त विस्फोटक निरीक्षक द्वारा यह प्रमाण पत्र न दिया जाए कि जलयान खतरनाक वाष्प से मुक्त है।

11. **जलयानों को टगों द्वारा नियंत्रित किया जाना या सहायता प्राप्त होना**– पत्तन के चैनलों या प्रवेश द्वार में किसी जलयान को नौचालन करने की अनुमति तब तक नहीं होगी जब तक वह अपने मुख्य इंजिन द्वारा चालित न हो या आवश्यकता पड़ने पर कुशल टग या टगों द्वारा सहायता प्राप्त न हो और मास्टर या मालिक द्वारा प्रदान की जा रही अपर्याप्त प्रेरित शक्ति की स्थिति में या ऐसे किसी भी मामले में जिसमें वह ऐसा करना वांछनीय समझें, उप संरक्षक, किसी भी पोत के चैनलों या प्रवेश द्वार या बर्थिंग व गैर बर्थिंग के संबंध में बोर्ड के और अन्य उपलब्ध किसी टग या टगों को तैनात कर सकते हैं और इस प्रकार के सभी जलयानों के मालिक या मास्टर को इस संबंध में समय–समय पर निर्धारित दरों के अनुसार बोर्ड के किसी भी टग के उपयोग के लिए किराया शुल्क का भुगतान करना होगा और इसी तरह के कार्य के लिए नियोजित किसी अन्य टग के उपयोग के लिए ऐसी दर पर भुगतान करना होगा चूँकि आमतौर पर टग के मालिक इस प्रकार के कार्य के लिए शुल्क वसूलते हैं।

12. **लाइन्स, हॉज़े आदि की आपूर्ति**– चैनल में प्रवेश करने वाले एवं वार्फ़ या बर्थ में बर्थिंग करने वाले किसी जलयान पर ऐसे स्टील के तार या अन्य हॉज़े या पर्याप्त लंबाई की लाइनें जो प्रत्येक बो और क्वार्टर के लिए आवश्यक हो सकती हैं और बर्थ पर रहने के दौरान इस तरह की अन्य रस्सियों, लाइनों और फेंडर बर्थिंग की सुविधा के लिए या बर्थ में हाउलिंग के दौरान क्षति से जलयान को बचाने के लिए आवश्यक हो सकता है, की तैयारी एवं उपयोग के लिए आपूर्ति उपलब्ध होनी चाहिए।

13. **जलयान के बोर्ड पर पर्याप्त संख्या में चालक दल और उपकरण होने चाहिए**– जलयान के मालिक या मास्टर जलयान के बोर्ड पर पर्याप्त संख्या में चालक दल और उपकरण को नियुक्त करेंगे, जो पत्तन चैनल में और पत्तन में उनके जलयान पर काम करने के लिए हमेशा तत्पर रहेंगें और इसमें चूक होने पर या उप संरक्षक जब आवश्यक समझें, अपने प्राधिकार से ऐसी संख्या में कर्मियों को नियुक्त कर सकते हैं और जलयान के मालिक व मास्टर के खर्चे पर ऐसे उपकरणों को जिन्हें वे आव"यक समझते हैं, उपलब्ध करवा सकते हैं।

14. **एंकर तैयार होने चाहिए**– जलयान के पत्तन में आगमन व प्रस्थान के समय दोनों एंकरों को तैयार रहना चाहिए।

15. **एंकरों की स्टोविंग**– अपनी बर्थों में जलयानों के मूरिंग होने के तुरंत बाद एवं पत्तन में उनकी अवस्थिति के समय तक दोनों एंकरों को ठीक से बांध कर रखा जाएगा।

16. **जलयान की ओर से प्रोजेक्शन**– जब जलयान पत्तन में प्रवेश करते हैं, प्रस्थान करते हैं, चल रहे होते है या बर्थ के पास खड़े रहते हैं, उनको सभी प्रकार के प्रोजेक्शन से मुक्त होना चाहिए।

17. **दुर्घटनाओं के लिए मास्टर आदि की जिम्मेदारी**– जलयानों के मास्टर और मालिकों को जलयान के कारण होने वाली सभी दुर्घटनाओं, जो इन नियमों में निर्दिष्ट किसी भी सावधानी को अपनाने में विफलता के परिणामस्वरूप हो सकती हैं, के लिए जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

18. **चैनल के बाहर खड़े जलयान को हटाया जाना**– प्रवेश द्वार के पास बाहरी रास्तों पर स्थित किसी जलयान को उप–संरक्षक द्वारा आवश्यक समझे जाने पर जलयान के मालिक या मास्टर द्वारा हटा दिया जाएगा और इस प्रकार हटाया जाना उप–संरक्षक के आदेश प्राप्त होने के एक घंटे के भीतर ही प्रभावी होगा।

बशर्ते कि असाधारण मामले में उप संरक्षक द्वारा ऐसा करने के लिए लिखित में कारण रिकार्ड करने के बाद ऐसी समय सीमा में ढील दी जा सकती है: बशर्ते और कि एक घंटे या उप–संरक्षक द्वारा इस तरह आगे बढाई गई समय सीमा के भीतर इस तरह के हटाए जाने को तुरंत प्रभावी नहीं किया जाता है, तो उप–संरक्षक के आदेशों और निर्दे"ाों के अधीन जलयान के मालिक या मास्टर को अपनी जोखिम एवं खर्च पर यह कार्य करना होगा।

19. **बर्थिंग या अनबर्थिंग के दौरान जलयान का सीधा होना**– बर्थ पर बर्थिंग या अनबर्थिंग करते समय जलयान बिलकुल सीधा होगा।

20. **मास्टर आदि द्वारा अपना जलयान अपनी बर्थ में रखना**– वार्फ़ में जलयान लगाने के लिए बर्थ का निर्णय यातायात प्रबंधक द्वारा किया जाएगा और मास्टर या मालिक को अपनी निजी जिम्मेदारी में ऐसी बर्थ में ऐसे जलयानों को लगाना होगा तथा सामान्य रूप से बोर्ड का एक पायलट सभी जलयानों को अपने प्रवेश चैनल से नियत बर्थ तक या इसके विपरीत या पत्तन में एक बर्थ से दूसरी बर्थ तक ले जाने में सहायता करेगा।

21. **बोर्ड पर जीवन या संपत्ति की सुरक्षा के लिए मास्टर्स, आदि, द्वारा सभी सावधानियां बरतना**–(1) पत्तन में एक जलयान उसके मास्टर के प्रभार में होगा और यह देखना मास्टर या मालिक का कर्तव्य होगा कि सभी गैंगवे सुरक्षित रूप से रखे जाएं और जब उपयोग में न हों, तो सभी हैचवे ठीक से सुरक्षित और कवर किए जाएं ताकि जीवन और संपत्ति दोनों को सुरक्षित रखा जा सके और जब उपयोग में हों तो वे किसी भी व्यक्ति के गिरने से बचाने के लिए अच्छी तरह से रोशन हों;

(2) पत्तन में किसी भी जलयान पर जब भी गर्म कार्य किया जाना होता है, तो मास्टर, मालिक या स्टीमर एजेंटों द्वारा उप संरक्षक की पूर्व अनुमति प्राप्त की जानी चाहिए और इस परिचालन के दौरान, यह सुनि"चित करना मास्टर या मालिक की जिम्मेदारी होगी कि आग की रोकथाम के लिए सभी सावधानियां बरती गईं हैं (आसपास की सभी ज्वलनशील सामग्री को हटाकर, आग बुझाने वाला उपकरण तैयार कर तथा फायर होस को सुसज्जित रख कर) और प्रचालन की देखरेख किसी जिम्मेदार व्यक्ति द्वारा की गई है।

22. **पत्तन में मूरिंग, अनमूरिंग और जलयानों का आवागमन** -(1) जलयानों के मास्टरों और मालिकों तथा सेरांग, टिंडल्स और लॉन्च, बार्ज, कार्गो बोट या अन्य छोटे क्राफ्ट के प्रभारी व्यक्तियों को पत्तन में किसी भी जलयान के आवागमन, मूरिंग, अनमूरिंग के संबंध में उप–संरक्षक या उनके सहायक के निर्देशों का पालन करना चाहिए और उनको कोई बाधा नहीं डालनी चाहिए।

(2) लॉन्च, बार्ज, कार्गो बोट या अन्य छोटे क्राफ्ट को उप संरक्षक, जो इस विनियम को लागू करने के लिए यथा उचित समझें अपेक्षित तरीका अपना सकते हैं, की मंजूरी के बिना मूर करने या जलयान के साथ खडे करने की अनुमति नही दी जाएगी।

(3) लॉन्च, बार्ज, कार्गो बोट या अन्य छोटे क्राफ्ट को छोड़ कर किसी जलयान को हटाने के तरीके एवं समय की पूर्व सूचना के बिना उनको बर्थ से हटाने की आवश्यकता नहीं होगी और जहां आवश्यक हो, उप संरक्षक अपने आदेश को लागू करने के लिए जो उचित समझे जाने वाले उपाय कर सकते हैं और उस पर होने वाले व्यय, मास्टर या मालिक द्वारा देय किसी भी दंड के पूर्वाग्रह के बिना, ऐसे जलयान के मास्टर या मालिक द्वारा देय होगा।

(4) जलयान का मास्टर, उप संरक्षक से अनुमेय आगमन और प्रस्थान ड्राफ्ट प्राप्त करेगा।

23. **मूरिंग सही तरीके से की जानी है** – बर्थ के साथ लगे हुए जलयान के मास्टर या मालिक को अपने जलयान की रस्सियों या होसर्स को इन बर्थों पर विशेष रूप से इस प्रयोजन के लिए प्रदान की गई बोल्लार्ड या अन्य व्यवस्थाओं के अलावा किसी भी स्थान या स्थानों पर बांधने की अनुमति नहीं देनी चाहिए।

24. **जलयान सक्षम व्यक्तियों के प्रभार में होने हैं** – ऐसे समय जब जलयान पत्तन में रहता है, मास्टर या एक जिम्मेदार डेक अधिकारी, जो तीसरे अधिकारी के पद से नीचे न हों, जलयान के प्रभारी होंगे और पर्याप्त चालक दल हमेशा बोर्ड पर रहेंगे और प्रभारी अधिकारी जलयान की लदाई एवं उतराई आदि के संबंध में सभी कार्यों के कार्यान्वयन हेतु निर्देश देंगें एवं और यदि ऐसा कोई अधिकारी जलयान का प्रभारी है, जो योग्यता प्रमाण पत्रधारक नहीं हैं, तो जलयान का मास्टर उसकी कार्रवाई के लिए जिम्मेदार होगा।

25. **क्वार्टर–मास्टर या सीमैन को डेक पर रखना है** – पत्तन में कोई जलयान हमेशा क्वार्टर–मास्टर या सीमैन को डेक पर ड्यूटी पर रखेगा जो जलयान या तट गैंगवे के प्रभारी के रूप में तैनात होंगे एवं जो मूरिंग रस्सियों और जलयानों की लाईनों की देखरेख करेंगे एवं समय–समय पर आवश्यक रूप से टैंकर बर्थ पर मूर किए गए जलयानों के मामले में उन्हें ठीक करेंगे एवं इसमें चूक होने पर जलयान के मालिक या मास्टर इस तरह की चूक से उत्पन्न किसी भी नुकसान के लिए उत्तरदायी होगा।

26. **जलयान के प्रोपेलर को काम नहीं करना है** – (1) जब पत्तन में किसी बर्थ पर जलयान खड़ा होता है, तो उप संरक्षक की लिखित पूर्व अनुमति के बिना उसके प्रोपेलर को पॉवर या हाथ से नहीं चलाया जाएगा और इसे उनके द्वारा नियत शर्तों के अधीन ही चलाया जाएगा।

(2) उप–विनियम (1) के तहत किसी बात के होते हुए भी अनुमति प्राप्त न होने पर पॉवर या हाथ द्वारा किसी प्रोपेलर के चलाये जाने पर हुई किसी भी हानि के लिए मास्टर या मालिक जिम्मेदार होंगें।

27. **ड्रॉप किए गए एंकर या अन्य गियर को उठाया जाना है** – किसी भी एंकर या गियर को तत्काल उठाने के लिए मास्टर और जलयानों के मालिक जिम्मेदार होंगे, जो पत्तन में उनके जलयानों से बोर्ड से गिराए गए हों और यथा"ीघ्र ऐसे किसी भी एंकर या गियर को पानी से हटाने के लिए कदम उठाएंगे।

28. **जलयान ठीक से बैलास्ट होना चाहिए**– पत्तन में जलयान को इस प्रकार लादा हुआ या बैलस्टेड रखा जाए कि आग या अन्य आपातकालीन स्थिति उत्पन्न होने पर उनको सुरक्षित रूप से और बिना खतरे के अपनी बर्थ से हटाया जा सके।

29. **जलयानों की मरम्मत**–(1) एक जलयान को जब तक मरम्मत के उद्देश्य के लिए उपयुक्त बर्थ आवंटित नहीं की जाती पत्तन में उसकी मरम्मत नहीं की जाएगी।

(2) जलयान का मास्टर, मालिक या उसका प्रभारी कोई व्यक्ति ऐसी किसी भी मरम्मत जिसमें, ईंधन भंडारण टैंक या ईंधन प्रणाली के आसपास खुली चिंगारी, गैस–काटने का या वेल्डिंग उपकरण का उपयोग शामिल है, ऐसे किसी जलयान के ईंधन भंडारण टैंक में किसी भी व्यक्ति के प्रवेश करना शामिल है जिसमें पेट्रोलियम जमा हो सकता है, शूरू करने की अनुमति नहीं देगा, जब तक जलयान के मास्टर, मालिक या उसके प्रभारी व्यक्ति ने विस्फोटक निरीक्षक से गैस मुक्त प्रमाण पत्र प्राप्त न किया हो, और इस विनियम के किसी भी उल्लंघन से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उत्पन्न

किसी भी नुकसान या क्षति के लिए ऐसे जलयान के मास्टर, मालिक या उसका प्रभारी व्यक्ति बोर्ड को क्षतिपूर्ति करेंगें।

(3) इस विनियम के तहत आवंटित बर्थ को जलयान में कार्गो की लदाई व उतराई केलिए जब भी आवश्यक हो खाली किया जाएगा।

(4) जब एक जलयान की पत्तन में मरम्मत चल रही हो और अगर मरम्मत के दौरान किसी भी ओवर साइड पाइप को खोलना आवश्यक हो जाता है, तो इस तरह के पाइपों को खाली करके सुरक्षित रखा जाएगा और अगर एक ओवर साइड पाइप को खाली नहीं किया जा सकता और इसे सुरक्षित रखना है, तो इसे खोला जाएगा और जलयान के मास्टर, मालिक या उसके प्रभारी अधिकारी को किसी भी दुर्घटना, जो किसी भी तरह से इन सावधानियों की उपेक्षा से उत्पन्न हो सकती है, और दुर्घटना के परिणामस्वरूप उत्पन्न होने वाली सभी देनदारियों के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है।

(5) बर्थ या एंकरेज में जलयान के किनारों की चिपिंग और पैंटिंग की अनुमति नहीं होगी।

30. **माल, आदि को गिरने नहीं दिया जाना है** – पत्तन सीमा में किसी भी जलयान, क्वे या तटबंध से कोई भी कार्गो, माल या पदार्थ को पानी में फैंकने या गिराने की अनुमति नहीं दी जाएगी और ऐसी किसी स्थिति में या उपर्युक्त के अनुसार ऐसे किसी भी माल या पदार्थ को पानी में फैंका या गिरने दिया जाता है, तो वह व्यक्ति, मास्टर, मालिक, या स्टीवडोर जिसके दायित्व में माल या पदार्थ उस समय था, को उत्तरदायी ठहराया जाएगा और किसी भी नुकसान, क्षति या साफ–सफाई की लागत के लिए जिम्मेदार होंगे।

31. **जुर्माना**– जलयान का मास्टर या मालिक या एजेंट जो विनियमन 30 के प्रावधानों का उल्लंघन करता है, वह पत्तन या किसी अन्य अधिकृत एजेंसी द्वारा नुकसान, क्षति की भरपाई या साफ–सफाई के लिए किसी भी खर्च के अलावा एक लाख रुपये का जुर्माना अदा करने के लिए उत्तरदायी होगा।

32. **पोतों से प्रदूषण की रोकथाम के लिए अंतर्राष्ट्रीय समझौता (एमएआरपीओएल) विनियमों का अनुपालन**– सभी जलयान, पोतों से प्रदूषण की रोकथाम के लिए अंतर्राष्ट्रीय समझौता (एमएआरपीओएल) के अनुबंध I से VI में निहित प्रासंगिक नियमों का पालन करेंगे।

33. **जलयानों तक पहुंच** – जलयान तक पहुंच के लिए पर्याप्त प्रकाश और सुरक्षा जाल सहित सुरक्षित और स्वीकृत साधन मास्टर द्वारा सुनिश्चित किए जाएंगे।

34. **फायर आर्म्स** – लोडेड गन या लोडेड फायर आर्म्स को किसी अधिकृत तरीके के अलावा पत्तन में किसी भी जलयान पर रखने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

35. **जलयान के मास्टर आदि क्षति के लिए जिम्मेदार**– मास्टर और जलयानों के मालिक और उनके एजेंटों को उनके जलयान व नौकरों द्वारा बोर्ड को हुई किसी भी क्षति के लिए उत्तरदायी ठहराया जाएगा और बोर्ड उनके जलयानों को तब तक रोक सकता है जब तक बोर्ड द्वारा दावा किए गए मुआवजे और क्षति की सुरक्षा राशि का भुगतान नहीं किया जाता।

36. **मास्टर आदि की जिम्मेदारी में जलयान** – पत्तन में सभी जलयान अपने मास्टर या मालिकों की जिम्मेदारी में होंगे और ऐसे मास्टर या मालिकों को उनके दोषपूर्ण नेविगेशन और उनके बर्थ या एंकर से उनके संपर्क टूटने के परिणामस्वरूप उत्पन्न किसी भी नुकसान या क्षति के लिए जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

37. **क्रू आदि के कृत्यों के लिए मास्टर आदि की जिम्मेदारी**– मास्टर और जलयानों के मालिकों को चालक दल और ऐसे किसी भी व्यक्ति या व्यक्तियों के कृत्यों के लिए उत्तरदायी और जिम्मेदार ठहराया जाएगा जिन्हें उनके जलयानों पर या उसके संबंध में नियोजित किया गया हो।

38. **देरो आदि के लिए बोर्ड उत्तरदायी नहीं** – बोर्ड, जलयानों के पत्तन के भीतर प्रवेश करने, ठहरने, या पत्तन से बाहर जाने या पत्तन के भीतर एक बर्थ से दूसरे तक जाने या जलयानों पर या से कार्गो की लदाई व उतराई में किसी भी प्रकार की देरी या अवरोधन के लिए या जलयानों अथवा माल की अधिकता के कारण या अपने नियंत्रण से परे अन्य परिस्थितियों के चलते या माल की डिलीवरी में रूकावट के कारण या किसी भी अन्य तरीके से डैड–फ्रैट, माल के चढाने उतारने में होने वाली देरी या अवरोध का उत्तरदायी नहीं होगा।

39 **जलयानों के मास्टर, आग लगने, विस्फोट, रिसाव या टकराव की सूचना तुरंत देंगें** – (1) किसी भी जलयान में चाहे कार्गो होल्ड्स या बंकर या किसी अन्य स्थान पर आग लगने या विस्फोट होने की स्थिति में या यदि इस तरह के जलयान में रिसाव होता है या टकराते हैं, तो जलयान का मास्टर तुरंत उपलब्ध साधनों द्वारा उप संरक्षक को घटना की सूचना देगा और यदि यह रिपत्तन 'वेरी हाई फ्रीक्वेंसी' (वीएचएफ) पर बनाई गई है, तो इसके बाद जल्द से जल्द एक लिखित रिपत्तन करनी होगी।

(2) पत्तन के पास इस तरह के कदम उठाने का अधिकार होगा जिन्हें यह पत्तन में खडे पोतों सहित पत्तन और उसके परिसर में आग को बुझाने के लिए आवश्यक समझता है।

(3) जिस जलयान में आग लगी है, उसके मालिक या संबंधित माल या वस्तुओं के मालिक आग बुझाने के लिए लगाए गए सभी शुल्कों का भुगतान करेंगे।

(4) आग या आपातकाल की स्थिति में, वेरी हाई फ्रीक्वेंसी से अलार्म बजाना चाहिए या जलयान की सीटी या टेलीफोन बजने चाहिए जिसे समय–समय पर उप संरक्षक द्वारा अधिसूचित किया जाएगा।

40 **पानी के अंदर मरम्मत**– उप संरक्षक की पूर्व अनुमति के बिना कोई डाइविंग परिचालन नहीं किया जाएगा।

41 **पत्तन में किसी भी बोट के डूबने की रिपत्तन की जाएगी**– पत्तन में किसी भी बोट के डूबने और इस तरह के डूबने के तथ्य और उस स्थान पर जहां बोट डूबा है, के बारे में उप संरक्षक को सूचित किया जाएगा।

42 **लाइटर, बोट और अन्य क्राफ्ट केवल नियत स्थानों पर ही समुद्र तट पर लगाए जाएंगे** – जैसा कि उप संरक्षक द्वारा इस उद्देश्य से नियत किए गए स्थानों को छोड़कर किसी भी लाइटर, बोट या अन्य क्राफ्ट को मरम्मत के उद्देश्य से किनारे या समुद्र तट पर नहीं लाया जाएगा।

43 **बोट एवं अन्य क्राफ्ट क्वे, वार्फ या लैंडिंग स्थानों पर नहीं बांधे जाएंगे** – पत्तन की अनुमति के बिना यात्रियों या सामान को चढाने या उतारने अथवा लदाई व उतराई उद्देश्य के अलावा किसी भी नावों, लाइटरों या अन्य क्राफ्टों को लैंडिंग स्थान, वार्फ या क्वे में साथ लगाने या बांधने की अनुमति नही दी जाएगी।

IV- क्वे व शेड, जलयानों की लदाई व उतराई एवं सामानों की पावती, सुपुर्दगी एवं शिपमेंट के संबंध में विनियम।

44 **यातायात प्रबंधक के अधीन पत्तन में कार्गो कार्य**–(1) पत्तन में जलयानों की लदाई एवं उतराई यातायात प्रबंधक के पूर्ण नियंत्रणाधीन होगी।

(2) बंधक क्षेत्र के भीतर कार्गो के स्टैकिंग या भंडारण को यातायात प्रबंधक द्वारा विनियमित किया जाएगा।

(3) इसी तरह कार्गो द्वारा क्वे स्पेस का उपयोग यातायात प्रबंधक द्वारा विनियमित किया जाएगा।

45 **क्रेन या कार्गो संभलाई उपकरणों का आवंटन**– क्रेन या कार्गो संभलाई उपकरणों का आवंटन सामान्यतः आवश्यकता की प्राप्ति के क्रम में होगा, बशर्ते कि यातायात प्रबंधक सामान्य रूप से अन्य सुपुर्दगी एवं जलयान कार्य के सामान्य हित में अपने अधिकार से क्रेन या कार्गो संभलाई उपकरणों के आवंटन हेतु आदेश दे सकेगा एवं यह सुनिश्चित करेगा कि यह जलयान कार्य के सामान्य हित में क्रेन या कार्गो संभलाई उपकरणों का सबसे अच्छा उपयोग है।

46. **कार्गो कार्य से पहले जलयान को मूर किया जाना है** – जब तक किसी जलयान को उसके नियत बर्थ पर मूर नहीं किया जाता, तब तक पत्तन में उस जलयान पर माल की लदाई या उतराई नहीं की जाएगी।

47. **जलयान के कागजात, कार्गो विवरण आदि की प्रस्तुति**– जलयानों के मास्टर, मालिक और एजेंट को बर्थिंग या कार्गो संभलाई परिचालन शुरू करने से पहले आयात या निर्यात के लिए आयात सामान्य घोषणापत्र या शिपिंग बिल और स्टोवेज विवरण सहित ऐसे अन्य दस्तावेज यातायात प्रबंधक को प्रस्तुत करने होंगे।

48. **कार्गो की लदाई व उतराई जो वार्फों को दूषित कर सकती हैं**–(1) वार्फों एवं पारगमन शेड को किसी प्रकार से दूषित करने वाली संभाव्य प्रकृति की एवं दूसरे सामान को खराब करने वाली सामग्रियों को केवल यातायात प्रबंधक की अनुमति से जलयान से वार्फ़ तक ले जा सकता है। ब"र्ते कि ऐसी सामग्रियों के मालिक या प्राप्तकर्ता वार्फ या पारगमन शेड की सफाई के लिए बोर्ड द्वारा दहन किए गए खर्चों का भुगतान करने के लिए वचन बद्ध हों।

(2) जहां थोक में तेल का डिसचार्ज या लदाई का कार्य हो रहा है, वहां तेल का परिवहन अनुमोदित टैंक वैगनों, टैंकर लॉरियों या टैंक बार्जों में किया जाएगा और जलयान के टैंकों से या में सीधे पंप किया जाएगा और यह श्रेणी–ए और बी पेट्रोलियम उत्पादों के लिए लागू नहीं होगा।

49. **बर्थों से जलयानों की शिफ्टिंग**– यातायात प्रबंधक या उप संरक्षक पर्याप्त कारणों के लिए किसी भी बर्थ से किसी अन्य खाली बर्थ में जाने के लिए किसी भी जलयान को निर्देश दे सकते हैं और बोर्ड इस विनियमन के तहत स्थानांतरित किए गए एक जलयान के कारण किसी भी देरी के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

50. **जलयान ओवरलैपिंग या डबल बैंक्ड**– क्वे–साइड बर्थ पर लगे जलयान को बर्थ के बाहर मौजूद जलयान से माल उतारने या चढाने के लिए इस तरह की सुविधा देनी होगी जैसाकि यातायात प्रबंधक उचित समझें, और जलयान के ओवरलैपिंग या डबल बैंकिंग के कारण इस तरह के जलयान के ओवर साइड लोडिंग या अनलोडिंग में होने वाली किसी भी देरी या डेमरेज के लिए बोर्ड जिम्मेदार नहीं होगा।

51. **किसी जलयान के कार्गो का निपटान मास्टर आदि या स्टीवडोर के पर्यवेक्षण में होना है और उनकी देयताएं** –(1) जलयान के मास्टर या मालिक या पत्तन में इस तरह के कार्य के लिए बोर्ड से लाइसेंस प्राप्त स्टीवडोर के निर्दे"न और पर्यवेक्षण के बिना पत्तन में किसी भी जलयान में कार्गो को डिस्चार्ज, लोड या शिफ्ट नहीं किया जाएगा।

(2) जलयान में या से कार्गो संभलाई, स्टीवडोर गतिविधियों के संबंध में लागू किसी भी विनियम द्वारा शासित होगी।

(3) इस तरह के जलयान पर माल के संचालन से संपत्ति या व्यक्ति को होने वाले किसी भी नुकसान या क्षति के संबंध में जलयान का मालिक या स्टीवडोर उत्तरदायी होगा।

52. **कार्गो का काम कर रहे मास्टर्स, आदि और स्टीवडोर्स को बोर्ड पर उचित रोशनी प्रदान करनी है** – जलयान के मास्टर और मालिक और ऐसे जलयानों के कार्गो का काम करने वाले स्टीवडोर्स संयुक्त रूप से और व्यक्तिगत रूप से जलयान के उन सभी भागों में रोशनी के उचित प्रावधान के लिए जिम्मेदार होंगे, जहां कार्य चल रहा है और कार्य, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से बोर्ड के क्रेन, क्वे, पायर या अन्य संपत्ति के उपयोग किसी भी प्रकार से संबंधित है, चूक होने पर, वे संयुक्त रूप से और व्यक्तिगत रूप से जीवन की क्षति व हानि या संपत्ति के किसी भी नुकसान या क्षति के संबंध में उत्तरदायी होंगे।

53. **जलयान के कोमिंग्स के तहत इस्तेमाल न होने वाले स्लिंग और क्रेन को एकत्र करना**– किसी भी जलयान के आयात माल की स्लिंग्स सामान को उतारने वाले जलयान में सीधे खुले हैचवे के नीचे लगाई जाएगी और किसी भी परिस्थिति में, जो भी हो, बोर्ड की क्रेन को कोमिंग्स के नीचे से माल ब्रेक करने या हटाने के उद्देश्य से नियोजित नहीं किया जाना चाहिए।

54. **जलयान के विंचेस का उपयोग**–(1) माल की लदाई व उतराई के लिए अपने स्वयं के क्रेन या विंचेस का उपयोग करने वाले जलयान के मास्टर और मालिक सामान, संपत्ति या व्यक्ति को किसी भी कारण से होने वाले किसी भी प्रकार के नुकसान या क्षति के संबंध में अपने जोखिम और उत्तरदायित्व पर ऐसा करेंगे।

(2) जलयान के अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि पत्तन क्रेनें जलयान के गियर से काफी हट कर काम कर रही हैं।

55. **भारी पैकेज की लदाई व उतराई**– भारी पैकेज या कार्गो की लदाई व उतराई वार्फ के भार घनत्व के आधार पर अनुमोदन के अधीन होगी।

56. **खतरनाक और नाजुक सामान का निपटान**– खतरनाक और नाजुक सामान का निपटान ऐसे कार्गो के लिए सुरक्षित संचालन की सामान्य पद्धति द्वारा नियंत्रित किया जाएगा।

57. **जिन सामानों पर कार्य चल रहा है उनके लिए बोर्ड द्वारा श्रमिकों की आपूर्ति**–(1) बोर्ड बर्थ के साथ पोतान्तरण और माल की लदाई व उतराई या निर्यात या आयात के लिए आवश्यक श्रमिक प्रदान कर सकता है, बशर्ते कि बोर्ड श्रमिकों की अपर्याप्त आपूर्ति के परिणामस्वरूप उत्पन्न किसी भी नुकसान या क्षति के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

(2) बोर्ड समय–समय पर निर्धारित की जाने वाली शर्तों के अधीन माल के मालिकों या उनके एजेंटों को जलयान पर और जलयान से माल की लैंडिंग या शिपमेंट की अनुमति दे सकता है।

58. **निर्यात वस्तुओं का भंडारण और शिपमेंट**–(1) लदान के लिए पत्तन शेड या परिसर में लाया जाना वाला माल मालिक, शिपर्स या एजेंटों, जैसा भी मामला हो, की अभिरक्षा एवं एक मात्र जिम्मेदारी व दायित्व में होगा; बोर्ड ऐसे माल के लिए अभिरक्षा या उत्तरदायित्व नहीं लेगा। लदान के लिए माल शेडों में या खुले स्थानों में, यातायात प्रबंधक के आदेशों के तहत सीमा शुल्क औपचारिकताओं के अनुपालन के अधीन प्राप्त किया जाएगा। उसका ऐसे स्थानों पर भंडारण किया जाएगा, जो उनके द्वारा निर्देशित हैं और किसी भी परिस्थिति में वार्फों पर यातायात को बाधित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(2) शिपमेंट के लिए माल को पत्तन में किसी भी जलयान पर तब तक लोड नहीं किया जाएगा, जब तक कि सीमा शुल्क निर्यात शिपिंग बिल "निर्यात छोडें" आदेश या सीमा शुल्क विभाग द्वारा पारित शिपमेंट के विधिवत आवेदन सहित प्रस्तुत नहीं किया गया हो और माल के शिपर द्वारा उक्त माल पर बोर्ड को देय शुल्क के लिए आवश्यक रसीद प्रस्तुत की गई हो।

59. **आयात माल का दायित्व**–(1) बोर्ड किसी भी आयात के सामान के लिए तब तक ज़िम्मेदार नहीं होगा, जब तक उसे क्वे साइड से डिस्चार्ज न कर दिया गया हो या धारा से बोट पर ला कर क्वे के भाग में न रख दिया गया हो और उसके बाद क्वे पर डिस्चार्ज न कर दिया गया हो:

बशर्ते कि, बोर्ड द्वारा सामान के प्रभार लेने की तारीख से बोर्ड की दरों के पैमाने में विनिर्दिष्ट निःशुल्क अवधि की समाप्ति के बाद बोर्ड की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी:

(2) आयात माल की स्थिति या सुरक्षा निगरानी के लिए बोर्ड की जिम्मेदारी तब तक शुरू नहीं होगी जब तक इस तरह के सामान को यातायात प्रबंधक के प्रभार में प्राप्त नहीं किया जाता है।

(3) प्राकृतिक या अपरिहार्य कारणों से माल को होने वाली खराबियों के लिए बोर्ड जवाबदेह या उत्तरदायी नहीं होगा।

(4) विनियम 62 के प्रावधान के अधीन, बोर्ड परिसर से माल हटाने से पहले यातायात प्रबंधक द्वारा निर्धारित, उल्लिखित और बताए जाने तक बोर्ड किसी भी हानि या कमियों के लिए जवाबदेह या उत्तरदायी नहीं होगा।

(5) जलयान के पास उतारे गए माल (विशेष व्यवस्था के मामलों को छोड़कर, जहाँ माल के उतरने और वितरण का काम जलयानों के मालिकों द्वारा किया जाता है) को यातायात प्रबंधक द्वारा क्वे पर प्रभार में लिया जा सकता है जो उस माल की क्वे पर या शेडों में उचित स्टैकिंग कर सकते हैं या सही मालिक को वितरण के लिए इसे रोक कर रख सकते हैं।

(6) किसी भी जलयान से जाहिर तौर पर टूटी हुई, अव्यवस्थित या क्षतिग्रस्त स्थिति में उतारे गए सभी सामानों के संबंध में टिप्पणियां भेजनी चाहिए और ऐसे सभी सामानों के लिए, बोर्ड किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी को स्वीकार या अंगीकार नहीं करेगा।

60. **केवल प्राप्त माल की मात्रा के लिए जिम्मेदारी**– आयात माल के लिए बोर्ड केवल ऐसी वस्तुओं के लिए जलयान के मास्टर, मालिक या एजेंटों को प्रदान की गई रसीदों में यातायात प्रबंधक द्वारा पावती एवं हस्ताक्षर की गई संख्या के संबंध में जिम्मेदारी स्वीकार करेगा।

61. **रसीद और टिप्पणी सूची जारी करना** – यातायात प्रबंधक परिशिष्ट "ए" पर 'टैली रिपत्तन' में जलयान के मास्टर, मालिकों या स्टीमर एजेंटों के लिए विल्लिंगडन आईलैण्ड में वार्फ़ पर उतारे गये ऐसे सभी माल के लिए रसीदें प्रस्तुत करेगा, जिन्हें बोर्ड ने लैंडिंग की तारीख के बाद चौथे कार्य दिवस के अंत तक अपने प्रभार में लिया है और क्षतिग्रस्त या दोषपूर्ण स्थिति में उतारे गए सामानों को 'टैली रिपत्तन' में उसी रूप में दिखाया जाएगा।

62. **खोए हुए या क्षतिग्रस्त सामान के लिए जिम्मेदारी** (1) अधिनियम की धारा 42 की उप–धारा (2) के तहत बोर्ड द्वारा ऐसे सामानों के प्रभार लेने की तिथि से जब तक बोर्ड के दरों के पैमाने में निर्दिष्ट अवधि के भीतर इस तरह के नुकसान या क्षति की सूचना नहीं दी जाती है, बोर्ड किसी भी तरह से माल के नुकसान, विनाश या खराबी या क्षति के लिए जिम्मेदार नहीं होगा

और बोर्ड द्वारा इस तरह के सामान का प्रभार लेने के दिन से इस तरह की नि:"ुल्क अवधि की समाप्ति के बाद बोर्ड पर कोई जिम्मेदारी नहीं लगाई जाएगी।

(2) बोर्ड सीमा शुल्क परीक्षा के लिए खोले गए आयात माल के लिए जिम्मेदार नहीं होगा और जब तक सीमा शुल्क परीक्षा के लिए सामान लेने से पहले नुकसान या क्षति की सूचना नहीं दी जाती है तब तक इस तरह का माल उसके मालिक की पूरी जिम्मेदारी पर बोर्ड के परिसर में रखा रहेगा और इस तरह के नोटिस को दर मानकों के अनुसार नि: शुल्क अवधि के भीतर प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

(3) ऐसे सामानों की सुपुर्दगी या ट्रांसशिपमेंट उप–विनियम (1) के तहत उल्लिखित अवधि की समाप्ति, जो भी पहले हो, से पूर्व जब तक खो जाने या कथित नुकसान की सूचना प्राप्त नहीं होती है, बोर्ड किसी भी आयात या क्षतिग्रस्त माल के नुकसान या क्षति के लिए जिम्मेदारी को स्वीकार नहीं करेगा।

63. **सामग्रियों की सुपुर्दगी**–(1) वार्फ़ बर्थ में स्थितएवं यातायात प्रबंधक द्वारा प्रभार में प्राप्त सामग्रियों को जलयान के स्टीमर एजेंटों द्वारा इस तरह के सामान के निपटान हेतु जारी किए गए यातायात प्रबंधक को संबोधित सुपुर्दगी आदेश को प्रस्तुत करने पर ही सुपुर्द किया जाएगा।

(2) पत्तन शुल्क के भुगतान और सीमा शुल्क औपचारिकताओं का अनुपालन, जिसमें प्रविष्टि बिल और प्रभार मुक्त दस्तावेजों की प्रस्तुति भी शामिल है, के बाद ही मालिकों या उनके प्रतिनिधियों को माल की सुपुर्दगी की जाएगी।

(3) माल की ऐसी सुपुर्दगी लेने वाले अधिकृत व्यक्ति द्वारा प्राप्त सामग्रियों की विधिवत् पावती दी जाएगी।

(4) वार्फ़ परिसर से निकासी की प्रक्रिया में रेलवे वैगनों, लॉरियों या ऐसी अन्य सुविधाओं में लदे, लेकिन वार्फ से नहीं हटाए गए, सामान उसके मालिक के उत्तरदायित्व में रखे जाएंगे।

64. **फ्रैट आदि के लिए सामग्रियों को रोक कर रखना** – जलयान से उतारे गए एवं बोर्ड के प्रभार में दिए गए माल को जलयान के एजेंट, मास्टर या मालिक या उसके एजेंटों से लिखित में उचित सूचना मिलने पर जलयान के मालिक को देय भाड़ा या अन्य शुल्क के लिए रोक कर रखा जाएगा और दावे का निपटान होने तक इस तरह के माल को गोदाम या शेड या बोर्ड के अन्य परिसर, जैसा भी मामला हो, में उक्त माल के मालिकों के दायित्व एवं खर्च पर रखा जाएगाः

बशर्ते कि, जलयान के ओवर–साइड उतारे गए माल हेतु बोर्ड द्वारा ऐसी कोई जिम्मेदारी नहीं ली जाएगी।

65. **मालिकों द्वारा पैकेज खोलना** – सीमा शुल्क औपचारिकताओं के अनुपालन में यातायात प्रबंधक द्वारा जारी किए गए मूल्यांकन टिकट के बिना कोई पैकेज, मूल्यांकन या परीक्षा के लिए नहीं खोला जाएगा।

66. **मालिक की जिम्मेदारी में खोले गए पैकेज** – सीमा शुल्क विभाग के आदेश से या स्टीमर एजेंटों के अनुरोध पर या माल के मालिक के अनुरोध पर जांच के लिए खोले गए सामानों की जिम्मेदारी उसके मालिक की होगी।

67. **वार्फ़ आदि से पार्टियों द्वारा पोतान्तरण न की गई सामग्रियों का निष्कासन**– पोतान्तरण न की गई सामग्रियों को जब तक सीमा शुल्क द्वारा माल को सील कर उसके ऊपर पोतान्तरण बिल नहीं चिपकाया जाता तब तक उसे क्वे, सड़कों या शेडों से नहीं हटाया जाएगा।

68. **अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन श्रेणी–I कार्गो (विस्फोटक) की संभलाई**– (1) अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन श्रेणी–I कार्गो की संभलाई मुख्य विस्फोटक नियंत्रक द्वारा अनुमोदित और समय–समय पर संशोधित मानक संचालन प्रक्रिया के प्रावधानों द्वारा नियंत्रित की जाएगी और यह अंतर्राष्ट्रीय समुद्री खतरनाक माल कोड के अनुरूप होगी।

(2) अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन श्रेणी–I के मालवाहक जलयानों के चलन को दिन के प्रकाश तक सीमित रखा जाएगा।

(3) पत्तन परिसर में अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन श्रेणी–I कार्गो के भंडारण की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(4) इस विनियम के साथ सख्त अनुरूपता के साथ अन्यथा संभाले गए ऐसे किसी भी पैकेज के संबंध में पत्तन की कोई देयता या जिम्मेदारी नहीं होगी।

69. **बोर्ड पर विस्फोटक सामगो सहित नौसेना के जलयानों की बर्थिंग**– आस पास बर्थ किए गए युद्धपोत में गोला बारूद से संलग्न खतरों और इसकी जिम्मेदारी पूरी तरह से ऐसे पोतों की होगी। केवल असाधारण परिस्थितियों में ही युद्धपोतों द्वारा गोला–बारूद के संभलाई हेतु अध्यक्ष की अनुमति दी जाएगी।

70. **बर्थिंग के समय युद्धपोतों की मरम्मत नहीं की जाएगी** – गोला बारूद धारण करने वाले किसी भी युद्धपोत की बर्थिंग के समय मरम्मत करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

71. **खतरनाक कार्गो का संभलाई**–(1) खतरनाक कार्गो की लदाई या उतराई अंतर्राष्ट्रीय समुद्री खतरनाक माल कोड के प्रावधानों के अनुरूप होगी।

(2) खतरनाक कार्गो के पोतान्तरण के बारे में जानकारी सात दिन पहले पत्तन को प्रदान की जाएगी।

(3) खतरनाक कार्गो का भंडारण केवल निर्दिष्ट क्षेत्र तक ही सीमित रहेगा।

(4) ऊपर उल्लिखित सामान को अंतर्राष्ट्रीय समुद्री खतरनाक माल कोड में निर्धारित निर्देश के अनुसार सावधानीपूर्वक पैक, चिह्नित और लेबल किया जाएगा।

(5) खतरनाक माल ले जाने वाले जलयान के मास्टर, मालिक या एजेंट, पारगमन में, किन्तु अवतांरण के लिए नहीं, ऐसे सामानों और उनके भंडारण के सभी विवरण प्रस्तुत करते हुए पत्तन में प्रवेश करने से पहले उप संरक्षक की पूर्व अनुमति प्राप्त करेंगे।

V- प्रेट्रोलियम जलयान् एवं जलयानों की बंकरिंग

72. **पेट्रोलियम जलयान**–(1) बल्क में तरल पेट्रोलियम ले जाने वाले सभी जलयानों को तेल कंपनी अंतर्राष्ट्रीय समुद्री फोरम द्वारा प्रकाशित व समय–समय पर संशोधित अंतर्राष्ट्रीय ऑयल टैंकर और टर्मिनल सुरक्षा गाइड में दी गई सभी सावधानियों व प्रावधानों का अनुपालन करना होगा।

(2) पेट्रोलियम श्रेणी 'ए', श्रेणी 'बी' या श्रेणी 'सी' ले जाने वाले हर जलयान के मास्टर को अंतर्राष्ट्रीय संकेतों के ध्वज 'बी' को फहराना होगा एवं दिन के समय इस प्रकार के ध्वज को फहराते रहना होगा व रात में स्पष्ट प्रज्वलित लाल प्रकाश दिखाएंगें।

(3) पेट्रोलियम ले जाने वाले प्रत्येक हार्बर क्राफ्ट को दिन में चारों ओर दिखने वाला एक बड़ा वर्गाकार लाल ध्वज और रात में चारों तरफ दिखने वाली लाल बत्ती दिखानी होगी।

(4) बल्क में पेट्रोलियम ले जाने वाले जलयानों को आम तौर पर थोक में पेट्रोलियम संभलाई करने के लिए निर्दिष्ट बर्थ पर बर्थिंग किया जाएगा।

(5) जब तक कार्गो के रूप में थोक में पेट्रोलियम ले जाने वाले किसी भी जलयान के मास्टर उसके गैस मुक्त होने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं करते, जलयान को टैंकर बर्थ के अलावा किसी भी बर्थ पर या शुष्क डॉक में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(6) बल्क में पेट्रोलियम ले जाने वाले जलयान द्वारा पालन की जाने वाली अन्य सावधानियां नीचे दी गई है –

(क) पेट्रोलियम श्रेणी 'ए' युक्त ऐसे किसी हार्बर क्राफ्ट को किसी ऐसे तरीके से उन्मुक्त नहीं किया जाएगा जिसके आसपास के क्षेत्र में चल रहे अन्य जलयानों से टकराने का खतरा हो;

(ख) पेट्रोलियम वाहक किसी भी जलयान के बोर्ड में उस समय तैनात मास्टर या कोई अन्य प्रभारी व्यक्ति जलयान से रिसाव या किसी अन्य कारण से पेट्रोलियम बाहर जाने से रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाएंगें;

(ग) उप संरक्षक से प्राप्त लिखित अनुमति और उनके द्वारा इस उद्ये"य से जारी किसी भी निर्देश के अलावा बल्क में खतरनाक पेट्रोलियम का अवतांरण करने वाले किसी भी जलयान को कोचिन पत्तन में पचास मीटर के भीतर आने नहीं दिया जाएगा। यह नियम उन जलयानों पर नहीं लागू होगा जिनके बोर्ड पर पायलेट होगा;

(घ) पत्तन में बंकरिंग जलयानों के लिए उपयोग किए जाने वाले बार्ज अंतर्देशीय जलयान अधिनियम, 1917 (1917 की 1) या वाणिज्यिक पोत परिवहन अधिनियम, 1958 (1958 की 44) और समय समय पर संशोधित पेट्रोलियम नियम, 2002 के अनुसार समुद्र में चलने योग्य, मानवयुक्त, सुसज्जित और कार्यरत होने चाहिए। डेक और पोत के ईंजन कक्ष के जिम्मेदार अधिकारी संचालन का पर्यवेक्षण करेंगे और तेल बैंकरों को प्राप्त करने वाले जलयान के बोर्ड पर सभी आव"यक सुरक्षा सावधानियां बरतेंगे;

(ड़) पाइपलाईन किनारे तक बोर्ड पर मैनिफोल्ड के संयोजन हेतु हार्ड आर्म या आर्मर्ड होजों का उपयोग किया जाएगा और बल्क में पेट्रोलियम का निर्वहन या लदाई शुरू होने से पहले निरंतर यंत्रवत् और विद्युत रूप से सभी जोड़ों को पूरी तरह से रिसाव मुक्त किया जाएगा;

(च) बल्क में पेट्रोलियम की लदाई और अवतांरण में उपयोग किए जाने वाले सभी पाइप और अन्य उपकरण रिसाव से मुक्त होंगे;

(छ) बल्क तेल जलयान के मालिक, एजेंट या मास्टर बल्क में पेट्रोलियम की लदाई या अवतांरण के दौरान छलकन व आगजनी की दुर्घटना की रोकथाम के लिए सभी उचित सावधानी बरतेंगे;

(ज) बल्क तेल जलयान के मालिक, एजेंट या मास्टर को उनके नियंत्रण में किसी भी व्यक्ति को थोक में पेट्रोलियम की लदाई व उतराई स्थान पर धूम्रपान को रोकने के लिए और इस तरह की लदाई व उतराई में तैनात ऐसे किसी भी व्यक्ति द्वारा फ़्यूज़, माचिस या किसी भी ज्वलनशील उपकरण को साथ में रखने, जिससे चिंगारी भड़कने का खतरा हो, से रोकने के लिए पर्याप्त कदम उठाने चाहिए;

(झ) एक चिंगारी पैदा करने में सक्षम लोहे या स्टील के हथौड़ों या अन्य उपकरणों का उपयोग पेट्रोलियम पोत के हैच या टैंक के ढक्कनों को खोलने या बंद करने के लिए, या आसपास के क्षेत्र में लोहे की सरिया या पेंट की कतरन के लिए नहीं किया जाएगा;

(ञ) पत्तन में किसी बल्क जलयान होने के समय के दौरान, इन विनियमों के प्रावधानों को लागू करने और इनके कार्यान्वयन हेतु एक जिम्मेदार अधिकारी और इंजीनियर को रात और दिन के समय हमे"ाा जलयान के बोर्ड पर तैनात होना चाहिए। मास्टर की अनुपस्थिति में, बोर्ड पर वरिष्ठ डेक अधिकारी जिम्मेदार अधिकारी होंगे। जब लदाई व उतराई प्रगति पर हो या शुरू होने वाली हो यह पूरी तरह से आवश्यक है कि मास्टर या मुख्य अधिकारी और या तो मुख्य अभियंता या दूसरा अभियंता अनिवार्यतः बोर्ड पर हों और यह सुनिश्चित करें कि जलयान और उसके कार्गो की सुरक्षा के लिए हर आवश्यक सावधानी ऐसे सभी समय के दौरान बरती जा रही है और इंजन और मशीनरी को कार्यक्षम रखा जाएगा, ताकि जलयान को यथा संभव शीघ्र चलाया जा सके, यदि पत्तन के उप संरक्षक द्वारा ऐसा आवश्यक हो;

(ट) पेट्रोलियम की लदाई व उतराई की पूरी अवधि के दौरान तेल जेट्टी पर पाइपलाइन और अन्य फिटमेंट पत्तन अग्निशमन, सेवा के एक जिम्मेदार अधिकारी की निरंतर निगरानी में रहेंगे।

73. **काचिन पत्तन में बल्क तेल जलयान की उतराई और पेट्रोलियम की लदाई** –(1) पेट्रोलियम श्रेणी "ए" की बल्क में लदाई व उतराई केवल बल्क में पेट्रोलियम संभलाई के लिए विनिर्दिष्ट बर्थों पर ही की जाएगी।

(2) बल्क तेल जलयान के मालिक, एजेंट या मास्टर को अपने नियंत्रण में किसी भी व्यक्ति को पेट्रोलियम श्रेणी 'ए' की लदाई व उतराई स्थान में धूम्रपान करने से रोकने के लिए और किसी भी व्यक्ति को फ्यूज, माचिस या ऐसे किसी भी ज्वलनशील (मोबाईल फोन समेत) उपकरण को ले जाने से रोकने के लिए पर्याप्त कदम उठाने होंगें।

(3) पेट्रोलियम की लदाई व उतराई के समय निम्नलिखित सावधानियां बरती जाएगी, नामतः –

(क) बोर्ड पर पाइप लाइन किनारे तक को मैनीफॉल्ड से जोड़ने के लिए हार्ड आर्म या आर्मर्ड हॉजेस का उपयोग किया जाएगा और बल्क में पेट्रोलियम लदाई या उतराई शुरू होने से पहले सभी जोड़ो को यांत्रिक और विद्युत रूप से पूरी तरह से रिसाव मुक्त बनाया जाएगा;

(ख) बल्क में पेट्रोलियम श्रेणी– 'ए' की लदाई व उतराई में उपयोग किए जाने वाले सभी पाइप और अन्य उपकरण रिसाव मुक्त होंगे;

(4) मुख्य विस्फोटक निरीक्षक, यदि वह हार्ड आर्म अथवा आर्मर्ड हॉज के अलावा किसी भी अन्य तरह से एक रिसाव मुक्त और विद्युतीय सतत प्रणाली सुनिश्चित कर सकते हैं, तो उप–विनियम (3) के खंड (क) और (ख) के प्रावधानों से किसी विशेष मामले में लिखित आदेश द्वारा छूट दे सकता है।

(5) किसी भी पेट्रोलियम श्रेणी 'ए' को पत्तन क`जल में अवतांरण अथवा निपटान की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(6) आग से बचने के लिए निम्नलिखित सावधानियां बरती जाएंगी–

(क) बल्क तेल जलयान के मालिक, एजेंट या मास्टर को पेट्रोलियम श्रेणी 'ए' की लदाई व उतराई में आग से दुर्घटना की रोकथाम के लिए सभी उचित सभी सावधानियां बरतनी होंगी;

(ख) पेट्रोलियम श्रेणी– ए की लदाई व उतराई के समय आसपास के क्षेत्र में उपयोग किए जाने वाले सभी उपकरण आंतरिक रूप से सुरक्षित होंगे; तथा

(ग) पेट्रोलियम श्रेणी–ए के बल्क में पाइपलाइनों में या तेल जेट्टी पर अन्य किसी फिटमेंट में उतारने या लादने की पूरी अवधि के दौरान यह कार्य पत्तन अग्नि"मन सेवा के एक जिम्मेदार अधिकारी के निरंतर निगरानी में होंगे।

74. **पेट्रोलियम जलयानों के बीच की दूरी**– दो या अधिक पेट्रोलियम पोत, केवल पोतान्तरण उद्देश्य को छोड़कर, एक दूसरे से तीस मीटर की दूरी बनाकर रहेंगे, जब तक कि पत्तन के उप संरक्षक की राय में इतनी दूरी बनाए रखना अव्यावहारिक न हो।

75. **बोर्ड पर जिम्मेदार अधिकारी–(**1) पत्तन में किसी भी बल्क जलयान के रहते समय इन विनियमों के प्रावधान को पूरा करने और प्रभावी बनाने के लिए जलयान के एक जिम्मेदार अधिकारी और इंजीनियर को हमेशा रात और दिन बोर्ड पर होना चाहिए और मास्टर की अनुपस्थिति में, बोर्ड पर वरिष्ठ डेक अधिकारी जिम्मेदार अधिकारी होंगे।

(2) जब लदाई व उतराई प्रगति पर हो या शुरू होने वाली हो, यह नितांत आवश्यक है कि मास्टर या मुख्य अधिकारी और या तो प्रमुख या दूसरा अभियंता बोर्ड में हों और यह देखें कि जलयान और उसके कार्गो की सुरक्षा के लिए हर आवश्यक सावधानी बरती जाती है और ऐसे सभी समय के दौरान इंजन, बॉयलर और मशीनरी कार्यक्षम रखे जाते हैं ताकि यथा संभव जलयान तैयार हो जाने पर यदि पत्तन के उप संरक्षक द्वारा आवश्यक समझा जाए, उसे चलाया जा सके।

76. **अन्य सावधानियां**– (1) कार्गो के रूप में ईंधन तेल के अलावा पेट्रोलियम वहन करने वाला प्रत्येक जलयान पत्तन में मूरिंग करते समय, आपातकालीन स्थिति में टग को पकड़ने के लिए बो और स्टर्न में जल के किनारे पर नजर रखने के लिए एक वायर हाजर रखेगा।

(2) कार्गो के रूप में ईंधन तेल के अलावा पेट्रोलियम और इसके उत्पाद वहन करने वाला प्रत्येक जलयान लदाई व उतराई करते समय या जब हैचेस खुलें रहते हों, उसके सभी फायर हॉज़े जुड़े होने चाहिए और सभी अग्निशमन उपकरण तत्काल उपयोग के लिए तैयार होने चाहिए और और यदि लदाई या उतराई या स्टो किया जा रहा पेट्रोलियम श्रेणी 'ए' हो तो सभी सिग्नल प्रदर्शित होंगे।

77. **पैक किया हुआ पेट्रोलियम और उसके उत्पाद**–(1) पैक किए गए पेट्रोलियम और इसके उत्पादों को केवल इस उद्देश्य के लिए प्रदान किए गए जेट्टी या बार्ज या लाईटर्स और पत्तन के उप संरक्षक द्वारा यथा निर्देशित विनिर्दिष्ट जगह पर उतारा जाएगा।

(2) कोई भी सामग्री जो (अपनी रचना और गुण के आधार पर) 23 डिग्री सेंटीग्रेड से नीचे ज्वलनशील खतरनाक पेट्रोलियम और उसके उत्पाद या अन्य ज्वलनशील तरल पदार्थों की श्रेणियों के तहत वर्गीकृत होने में सक्षम है, से इस प्रकार निपटा जाएगाः–

(क) पत्तन पर निपटान के लिए पेट्रोलियम और उसके उत्पादों से लदे जलयानों के स्टीमर एजेंट को जलयान के आगमन की अपेक्षित तिथि से कम से कम अड़तालीस घंटे पहले पत्तन के उप संरक्षक व यातायात प्रबंधक को लिखित रूप में सूचित करना होगी एवं माल के पोतान्तरण के मामले में f"ापर्स व स्टीमर एजेंटों द्वारा उसी प्रकार की लिखित सूचना पत्तन के उपर्युक्त दोनों अधिकारियों को देनी होंगी;

(ख) पैक्ड पेट्रोलियम और उसके उत्पादों की लैंडिंग और पोतान्तरण इस संबंध में बनाये गये विनियमों, यदि कोई हों, के अनुरूप होंगे;

(ग) सभी उतारे गए या लोड किये जाने वाले पैक्ड पेट्रोलियम को वार्फ परिसर के बीच संग्रहीत नहीं किया जाएगा;

(घ) पत्तन के उप संरक्षक और सीमा शुल्क आयुक्त की अनुमति के बिना कोई आयातित पेट्रोलियम या उसके उत्पाद उतारे नहीं जाएंगे और उप–संरक्षक की पूर्व अनुमति के बिना कोई पेट्रोलियम या उसके उत्पादों को जलयानों द्वारा भेजा नहीं जाएगा या पोतान्तरण के लिए लदान के लिए लाइटर में लोड नहीं किया जाएगा;

(ड़) विल्लिंगडन आईलैण्ड में निपटान के लिए लाए गए पैक्ड पेट्रोलियम एवं इसके उत्पादों के लिए यातायात प्रबंधक की विशिष्ट लिखित अनुमति प्राप्त की जाएगी;

(च) पेट्रोलियम और इसके उत्पादों को समय–समय पर संशोधित पेट्रोलियम नियम, 2002 के प्रावधानों के अनुसार धारकों में ले जाया जाएगा;

